Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to establish a National Tribal University in Karauli district headquarters in Rajasthan.

डॉ. मनोज राजोरिया (करौली-धौलपुर) : मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र करौली-धौलपुर के करौली जिला मुख्यालय पर अनुसूचित जनजातीय विश्वविद्यालय स्थापित करने हेतु आकर्षित कराना चाहता हूँ।

मेरे संसदीय क्षेत्र के करौली जिले में जनजातीय जनसंख्या की अधिकता के कारण ही इसकी 04 विधान सभा सीटें में से 2 विधान सभा सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। इसके अतिरिक्त इसके निकटतम जिले भी अनुसूचित जनजाति की आबादी से परिपूर्ण हैं। इन जिलों में उच्च शिक्षा के संसाधन सीमित हैं। जिस कारण यहां के छात्रों को उच्च शिक्षा हेतु जयपुर या अन्य बड़े शहरों की ओर पलायन करना पड़ता है।

इसमें प्रायः छात्र को उच्च शिक्षा हेतु बड़े शहरों की ओर पलायन कर जाते हैं, परन्तु छात्राएँ अकसर घर से दूर होने के कारण अपनी शिक्षा जारी नहीं रख पाती हैं। यदि इस क्षेत्र में उच्च शिक्षा के अवसर विकसित होते हैं तो यहां के जनजातीय विद्यार्थियों को विकास का अवसर प्राप्त हो सकेगा। यहां के छात्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।

अतः मैं सरकार से अनुरोध करना चाहता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र करौली-धौलपुर के करौली जिला मुख्यालय पर राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय स्थापित करने के आदेश प्रदान कर इस क्षेत्र के युवाओं को उच्च शिक्षा के अधिकर अवसर प्राप्त हो सके।